30T ADHI

# 2020

# ADVANCE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

| | |
|---|---|
| Q. No. 1 carries 1 mark each | 1×12 = 12 |
| Q. No. 2 carries 2 marks each | * 2×6 = 12 |
| | * 2×4 = 8 |
| | * 2×2 = 4 |
| Q. No. 3 carries 4 marks each | * 4×2 = 8 |
| | * 4×2 = 8 |
| | * 4×3 = 12 |
| | * 4×3 = 12 |
| Q. No. 4 carries 6 marks each | 6×4 = 24 |
| | Total= 100 |

Contd.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) 'भारत महिमा' किसकी कविता है?

(ख) आधुनिक मीरा किस कवयित्री को कहा जाता है?

(ग) 'विप्लव गायन' का अर्थ क्या है?

(घ) 'गाँधारी का अभिशाप' नामक कविता किस नाट्य कृति से उद्धृत है?

(ङ) 'मानव शांति' कविता में कवि दिनकर जी ने किसको माध्यम बनाया है?

(च) भास्कर वर्मण नाटक के रचनाकार कौन हैं?

(छ) भास्कर वर्मण कहाँ के शासक थे?

(ज) भास्कर वर्मण के हाथी का नाम क्या था?

(झ) तात्या टोपे कौन थे?

(ञ) रानी लक्ष्मीबाई के पति का नाम क्या था?

(ट) रस कितने प्रकार के हैं?

(ठ) 'मात्रा' किसे कहते हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## खण्ड-क

*(किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×6=12

(क) 'पुरन्दर ने पवि से है लिखा अस्थि-युग का मेरे इतिहास।'—आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'प्रथम किरणों के उपहार' से कवि क्या समझा रहे हैं?

(ग) 'मेरी साधों से निर्मित उन अधरों का प्याला' से कवयित्री क्या कहना चाहती है?

(घ) 'जिसने दुःख पाला हो' कविता में 'मधुशाला' शब्द को किस अर्थ में व्यवहार किया है?

(ङ) कवि नवीन जी कैसी तान सुनना चाहते हैं?

(च) 'लटक रही हैं प्रतिपल में इस नाशक संभक्षण की लड़ियाँ'—प्रस्तुत पंक्ति के द्वारा कवि क्या कहना चाहता है?

(छ) 'मैंने प्रसव नहीं किया था कंकाल वह'—भाव स्पष्ट कीजिए।

(ज) भीम ने कौन-सा अधर्म किया था?

(झ) वैयक्तिक भोगवाद का समाज पर कैसा प्रभाव पड़ा है? 'मानव शांति' शीर्षक कविता के आधार पर लिखिए।

## खण्ड-ख

*(किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×4=8

(क) 'कुछ प्रश्न मात्र प्रश्न हैं, उनकी सार्थकता अनुत्तरित में ही होती है।'—किसने किस प्रसंग में कहा था?

(ख) 'शत्रु शत्रु का मित्र होता है।'— आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) भास्कर वर्मण को शान्तिदूत क्यों कहा गया है?

(घ) राज्यश्री कौन थी?

(ङ) 'प्रकृति को हमारा विभाजन स्वीकार्य नहीं है।'— भाव स्पष्ट कीजिए।

(च) शशांक का हाथी क्यों भड़क उठा था?

## खण्ड-ग

*(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×2=4

(क) लक्ष्मीबाई ने तलवार चलाने की कला कैसे सीखी थी?

(ख) 'फूलों से नाता बनाये रखो, परन्तु
मिट्टी से सम्बन्ध तोड़ कर नहीं।'
— रानी लक्ष्मीबाई ने ऐसा क्यों कहा?

(ग) 'नेता को नेता नहीं ढूँढ़ना पड़ता'—आशय स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**खण्ड-क**

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) 'मानव शांति' कविता के द्वारा कवि 'दिनकर' क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ख) 'गाँधारी का आभिशाप' कविता के आधार पर गाँधारी की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) महादेवी वर्मा ने सुख के बदले दुख को क्यों पाला है? स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड-ख**

*(किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) राजमाता श्यामा के चरित्र पर प्रकाश डालिए।

(ख) भास्कर वर्मण नाटक के आधार पर भारत के राष्ट्रीय एकता का चित्र प्रस्तुत कीजिए।

(ग) कंकु कौन थी? उसने भास्कर वर्मण की जान किस तरह बचाई थी?

*Contd.*

## खण्ड-ग

*(किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×3=12

(क) नाना साहब की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) राजा गंगाधर राव का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) लक्ष्मीबाई की मृत्यु किन परिस्थितियों में हुई थी, स्पष्ट कीजिए।

(घ) लक्ष्मीबाई के बचपन की घटनाओं को रेखांकित कीजिए।

(ङ) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की भाषागत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड-घ

*(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×3=12

(क) रस की परिभाषा देते हुए श्रृंगार *अथवा* वीर रस का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ख) अलंकार किसे कहते हैं? उपमा *अथवा* श्लेष अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ग) छन्द कितने प्रकार के होते हैं? नामोल्लेख कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) 'विप्लव गायन' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

जयशंकर प्रसाद ने भारतवर्ष की महिमा का वर्णन किस तरह से किया है? पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'भास्कर वर्मण' नाटक के आधार पर राजा भास्कर वर्मण के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

***अथवा***

'भास्कर वर्मण' नाटक का उद्देश्य क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'नारीशक्ति के महत्व की प्रतिष्ठा करना 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास का उद्देश्य है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

***अथवा***

'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास में उपन्यासकार वृन्दावनलाल वर्मा तत्कालीन राजनैतिक परिस्थितियों का वास्तविक चित्र प्रस्तुत करने में कहाँ तक सफल हुए हैं? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास के आधार पर लक्ष्मीबाई की चारित्रिक विशेषताओं का परिचय दीजिए।

***अथवा***

स्पष्ट कीजिए कि 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास हमें विषम परिस्थितियों में साहस से लड़ने की प्रेरणा देती है।

———×———